**Fourteenth Loksabha**

**Session : 8**
**Date : 24-08-2006**

**Participants : Virendra Kumar Shri**

an>

Title : Need to provide concession in service charges collected by banks from poorer sections, unemployed and pensioners in rural areas of the country.

**श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर)** : सभापति महोदय, युवाओं एवं किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिये बैंको से जो नो ड्यूज़ लेने में बहुत अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जैसे प्रधानमंत्री रोज़गार योजना, प्रतिठा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, शस्त्र लाइसेंस बनवाने, ट्रेक्टर फाइनेंस कराने, ऋण पुस्तिका बनवाने तथा अन्य योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के शिक्षित बेरोज़गार युवक युवतियों को तथा किसानो को जो नो डेयूज़ प्रमाण पत्र लेने पर सर्विस चार्ज के नाम पर 100-150 रुपये सर्विस चार्ज देने के बाद ही बैंकों द्वारा नो ड्यूज़ प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

जिन गरीब किसानों की 2 एवं 5 एकड़ जमीन है, उनको भी किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिये उसी प्रकिया से निकलना पड़ता है जिसे गरीब किसान के किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने से पहले ही 1000-1500 रुपये खर्च हो जाते हैं। इसी तरह से जब से बैंकों में ' सीबीएस' कोर बैंकिंग सिस्टम लागू हुआ है तब से बैंक के खाता धारकों को बैंक द्वारा बिना कोई पूर्व सूचना दिये यदि खाता धारक के खाते में 500 रुपये से कम बैलेंस है तो न्यूनतम बैंलेंस के नाम पर 300 रुपये सर्विस चार्ज के काट लेते हैं चाहे वह खाता धारक निराश्रित पेंशन प्राप्त कर रहा हो या शासकीय पेंशन प्राप्त कर रहा हो या अन्य किसी शासकीय संस्था का कर्मचारी हो।

अत: मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि गरीब किसानों, शिक्षित बेरोज़गार युवक .युवतियों एवं अन्य पेंशनधारियों की कठिनाईयों को अनुभव करते हुये बैंकों से फ्री में नो ड्यूज़ बनवाने तथा न्यूनतम बैलेंस पर 300 रुपये सर्विस चार्ज कटवाने से छूट दिलाने का सहयोग करें।